>

Title: Need to resume the construction of bypass road in Gumla city in Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा (झारखंड) के अति महत्वपूर्ण, अति आवश्यक जनहित के मुद्दे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एन.एच.23 पर गुमला शहर में निर्माणाधीन गुमला बाईपास के अधूरे निर्माण कार्य से स्थानीय जनता को हो रही परेशानियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

गुमला शहर के लगातार हो रहे विस्तार के कारण शहर में लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम के कारण स्थानीय जनता बहुत परेशानी में है। मेरे द्वारा 15वीं लोक सभा से ही यह मुद्दा उठाया जाता रहा है, परिणामत: गुमला बाईपास पास हुआ, बहुत प्रयासों के पश्चात कार्य भी प्रारम्भ हो सका, परन्तु कार्य प्रारम्भ होने के कुछ दिन बाद से ही निर्माण कार्य बंद पड़ा है। अधूरे पड़े निर्माण कार्य के कारण स्थानीय जनता बहुत परेशान है। इस पर आवागमन करने वाले दिनोंदिन बढ़ रहे वाहनों की संख्या के कारण स्थानीय जनता सहित, संपूर्ण क्षेत्रवासी अथवा वाहन चालकों को भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, उपरोक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूँ कि निर्माण कार्य रुकने के पीछे कौन-कौन से मुख्य कारण रहे? निर्माण कार्य कब प्रारंभ हुआ था, कार्य को कब तक पूरा किये जाने का अनुबंध किया गया था? काम रोकने संबंधित निर्माणन कंपनी के खिलाफ अभी तक क्या एक्शन लिया गया? जनता की परेशानी को देखते हुए, सरकार कब से निर्माण कार्य प्रारंभ करने का विचार कर रही है? क्या सरकार द्वारा निर्माण कार्य रोकने के पश्चात जनता को हो रही परेशानियों की कोई भी, किसी भी स्तर पर समीक्षा की गई है, यदि हाँ तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनम्र प्रार्थना करूँगा कि गुमला की जनता को हो रही परेशानी और असुविधा को ध्यान में रखते हुए गुमला बाईपास के निर्माण कार्य को अविलम्ब प्रारम्भ किया जाए तथा अभी तक के निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच करते हुए संबंधित के विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जाए, जिससे कि भविष्य में जनहित के किसी भी निर्माण कार्य में कोई लापरवाही बरते जाने की पुनरावृत्ति न हो सके। धन्यवाद।